एक नजर में

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ का होगा सजीव प्रसारण

रतलाम। रतलाम जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का संचालन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले की समस्त महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन शासकीय अस्पताल परिसरों में किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि जिले में कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को डॉ लक्ष्मी नारायण पांडेय मेडिकल कॉलेज रतलाम में किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ धार जिले में 17 सितंबर को प्रात: 11:45 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मेडिकल कॉलेज रतलाम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में देखा और सुना जाएगा।

आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत थीम पर नमो मैराथन दौड़ 21 को

रतलाम। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत की थीम पर नमो मैराथन दौड 21 सितम्बर 2025 को रतलाम सहित भोपाल, इंदौर, रीवा, सागर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में आयोजित होने जा रही है। स्वस्थ जीवन और राष्ट्र निर्माण के लिए लिंक पर पंजीयकरण कर बढ़-चढ़कर भाग लेकर जिले की भागीदारी बढ़ाने में आमजन सहयोग करे। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट मिलेगा।

विश्वकर्मा पूजन दिवस पर पूजन एवं महाआरती की जाएगी

रतलाम। सृष्टि के रचयिता भगवान श्री विश्वकर्मा जी के पूजन दिवस 17 सितंबर को श्री विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज मंदिर, विश्वकर्मा धाम नेमीनाथ नगर रतलाम पर शाम को 7 बजे भगवान श्री विश्वकर्मा जी का पूजन कर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। श्री विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष जनक नागल, राजेश नागल, जितेन्द्र बामनिया, धर्मेन्द्र जोपिंग, महेश वंडेला, पं रमेश उपाध्याय, विष्णु भाणनेचा, रवि वंडेला, विरेन्द्र वंडेला, कपिल चिचौलीया, राहुल शर्मा आदि द्वारा निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में भगवान श्री के पूजन एवं महाआरती में उपस्थित होकर पूण्य लाभ प्राप्त करें।

महाआरती के बाद किया अखाड़ों के उस्तादों का किया सम्मान

रतलाम। जय भवानी ग्रुप एवं श्री रिद्धि सिद्धि कार्यसिद्धि गणेश जी एवं श्री दक्षिण पंचमुखी हनुमान जी मंदिर समिति डोंगरे नगर रतलाम द्वारा मंदिर प्रांगण पर अन्तचतुर्दशीय पर्व निकलने वाले समस्त व्यायामशालओ के खलीफा, उस्ताद का भगवा साफा बांध कर, भगवा दुपट्टा, पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम परम् पूज्य गुरुदेव मधुर भाव हरिदासी पंडित श्री हेमंत अग्निहोत्री, श्री धाम वृंदावन का भगवा साफा बांध कर भगवा दुपट्टा प पहनाने के के पश्चात श्री आदर्श आर्य युवक हिंद व्यायामशाला के कैलाश पहलवान, महावीर पहलवान, श्री पवनपुत्र व्यायामशाला के परमानंद पहलवान, पप्पू पहलवान, श्री नागेश्वर हिंद व्यायामशाला के देवी सिंह जी उस्ताद, श्री कार्तिक व्यायामशाला के, सत्यनारायण शर्मा (सत्तू पहलवान), घनश्याम पहलवान, श्री रामदेव व्यायामशाला के काशी राम उस्ताद, श्री कल्याण गुरु व्यायामशाला के कैलाश पहलवान, रामबाबू पहलवान, श्री राधा कृष्ण व्यायामशाला के पहलवान मुन्ना पहलवान, मुकेश गवली, श्री आरोग्य हिंद व्यायामशाला केअरुण राव, रवि पंवार, आयुष पहलवान, वीर भगत सिंह व्यायामशाला के संदीप गुर्जर, कृष्णा भामा, श्री नवनिर्माण व्यायामशाला के मनोज वर्मा, महावीर व्यायामशाला के सुरेश गहलोत, गोविंद गेहलोत श्री नित्यचिंताहरण गणपति जी मंदिर ट्रस्ट की झांकी के अध्यक्ष जनक नागल, श्री हिंदू जागरण मंच के संयोजक राजेश कटारिया, कुलदीप माहेश्वरी, दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार, आकाश खड़के, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के अध्यक्ष आदित्य डागा, निखिल बोरीवाल, श्री राम शस्त्र कला केंद्र के दिलीप टांक का भगवा साफा बांध कर, भगवा दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया जिसके पश्चात श्री रिद्धि सिद्धि कार्यसिद्ध गणेश जी एवं श्री दक्षिण पंचमुखी हनुमान जी की महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया उक्त जानकारी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान ने देते हुए बतलाया कि इस अवसर पर समिति के चिराग जायसवाल, अनुराग सिंह शक्तावत, दीपेश डोई, रजत सिंह चौहान, गौरव जायसवाल, दशरथ सिंह पंवार, शैलेंद्र कुमावत, भारत उपाध्याय, मुकेश डोई, दशरथ सिंह पंवार, रघुराज पांचाल, हेमसागर पुरोहित, ए बी राजीव, सुनील पाठक, रमेश शर्मा, कोमल सिंह चौहान, शांतिलाल गोयल, राहुल गौड, वंश डोडिया, शुभम डोई, काजल टांक, दिव्या श्री वास्तव, खुशी चौहान, तेजस्वी चौहान एवं सैकड़ों की संख्या में व्यायामशाला के पहलवान एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रथम क्षमापना एवं पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

रतलाम। श्री श्वेतांबर जैन श्री संघ शांतिनिकेतन रतलाम का प्रथम क्षमापना एवं पारिवारिक मिलन समारोह करमदी स्थित जैन मंदिर में रखा गया। शांतिनिकेतन कॉलोनी के 50 से अधिक श्वेतांबर जैन परिवारों ने कार्यक्रम में भाग लिया सर्वप्रथम चैत्रवंदन सुमन गांधी व प्रतीक्षा गेलड़ा ने करवाया। इसके पश्चात संघ के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा का आयोजन रखा गया। साथ ही क्षेत्रीय पार्षद राजू सोनी को उनके द्वारा शांतिनिकेतन में पेयजल लाइन डालने के लिए समाजजनो द्वारा सम्मानित किया गया। महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न मनोरंजन गेम का आयोजन भी किया गया, जिसके पुरस्कार श्रीमती वर्षा बोकाडिया, श्रीमती सारिका पोरवाल के द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कैलाश तांतेड़, सुशील मेहता, अनिमेष पोरवाल, सुनील गांधी, राजेश पोरवाल (काकडीवाला), अशोक कासवा, अशोक छाजेड़, जीवन मुरार, कुमार पाल गेलड़ा, नीलेश डांगी, रमेश चंद पितलिया आदि व अन्य समाजजन ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक आतिश कुमार बोकाडिया ने आभार माना।

ट्रैक्टर रैली रोकने पर पुलिस और कांग्रेस में धक्का-मुक्की

नवभारत न्यूज

रतलाम। कांग्रेस की किसान आक्रोश ट्रैक्टर रैली में मंगलवार को पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ता सामने-सामने हो गए।

कांग्रेस किसान आक्रोश यात्रा में सैकड़ों ट्रैक्टर के साथ निकाली रैली

फसल बर्बाद होने से किसान नुकसानी सर्वे करवाकर मुआवजे की मांग

रैली को परिसर में आने से रोकने को लेकर पुलिस की कांग्रेस कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की भी हुई।

मंगलवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने शहर में किसान आक्रोश रैली निकाली। रैली जिलाध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत, किसान कांग्रेस अध्यक्ष धमेन्द्रसिंह चौहान के नेतृत्व में निकाली गई। सैलाना बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी से रैली प्रारंभ हुई। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई रैली कलेक्टोरेट पहुंची। प्रदेश कांग्रेस किसान अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने खुद ट्रैक्टर चलाते हुए कलेक्टरेट पहुंचे। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, हर्ष विजय गेहलोत भी ट्रैक्टर पर सवार थे।

जैसे ही रैली कलेक्टोरेट गेट पहुंची तो पुलिस और प्रशासन ने ट्रैक्टरों को बाहर ही रोक दिया। यहां रैली में शामिल लोग ने गेट पर रखी बैरिकेडिंग को हटा दिया और गेट खोलकर अंदर दाखिल हो गए। वहां उन्होंने जोरदार नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। इस दौरान कलेक्टरेट गेट पर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कलेक्ट्रेट के अंदर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और धरना दिया। इसके बाद अपर कलेक्टर शालिनी श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। रैली में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्व विधायक हर्ष विजय गहलोत, पूर्व संसद कांतिलाल भूरिया, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेश भरावा, दिनेश शर्मा, राजेश पुरोहित, सहित जिला और शहर के नेतागण शामिल थे।

गेट बंद करने आक्रोश, धरने पर बैठे

रैली के कलेक्टोरेट पर पहुंची। यहां गेट बंद होने और अंदर प्रवेश नहीं करने पर हुई धक्का-मुक्की पर नाराज कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के अंदर पहुंचने पर नारेबाजी की और धरना दिया। इसके बाद अपर कलेक्टर शालिनी श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

यह है मांगे

- जिले के किसानों की सोयाबीन की फसल 70 प्रतिशत खराब हो चुकी हैं। सरकार तत्काल मुआवजा दिलाए।
- फसल बीमा की राशि किसानों के खाते में तुरंत डलवाए। बीमा कंपनी में जो विसंगतियां है, उसे दूर करें। बीमा कंपनी अभी तक खेतों में नहीं पहुंची और सर्वे भी नहीं हुआ।
- जिन किसानों के खेतों में बीमा कंपनी नहीं पहुंची एवं सर्वे करवाकर उनको भी तत्काल लाभ दिया जाए।
- खाद की समस्या हैं। बार-बार खाद की किल्लत हो रही हैं। हर पंचायत स्तर पर ही खाद की व्यवस्थ की जाए। वर्तमान में प्याज के भाव गिरते जा रहे हैं। किसानों को लागत तक नहीं मिल पा रही हैं। इसलिए सरकार तत्काल खरीदी चालू करें और 15 रूपये किलों प्याज किसानों के खरीदे।
- आने वाले समय में फसल पाणत करने के लिए बिजली की आवश्यकता बनेगी। हर वर्ष ट्रांसफार्मर की समस्या रहती हैं। ट्रांसफार्मर या तो खराब हो जाते है या जल जाते है और काफी समय तक उन्हें बदला नहीं जाता है। हर गेड स्तर पर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाए।

आवेदनकर्ता की जमीन को दूसरे के नाम कर दी

नवभारत न्यूज

रतलाम। जमीन सीमांकन के लिए आवेदन करना एक आवेदनकर्ता को भारी पड़ गया। लापरवाह प्रशासन अमले ने आवेदनकर्ता की जमीन को दूसरे के नाम कर दी।

लोकसेवा केंद्र पर आवेदन दिया था फरिदी ने आवेदन

यह मामला जनसुनवाई में मंगलवार को पहुंचा। आवेदक भगवंती बाई पति गिरधारी निवासी रावटी ने बताया कि मेरे द्वारा जमीन का सीमांकन करवाने हेतु लोकसेवा केंद्र पर आवेदन दिया गया था, जिसकी रसीद राजस्व निरीक्षक को दी गई थी एवं चालान भी भरा गया था किन्तु लापरवाही या मेलजोल के कारण मेरी जमीन केशवलाल पिता लक्ष्मण गुर्जर के नाम कर दी गई। कार्यवाही हेतु एसडीओ ग्रामीण सैलाना को निर्देशित किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय मंगलवार को जनसुनवाई एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव एवं एसडीएम आर्ची हरित ने आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 87 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया।

पावती दिलवाने के लिए आया आवेदन

वहीं एक अन्य आवेदन पावती दिलाने के लिए जनसुनवाई में पहुंचा। आवेदक धापू बाई पति हिरालाल चरपोटा निवासी ग्राम खेतलपुर ने बताया कि मेरी कृषि भूमि 3 बीघा 8 विस्वा तथा डेढ़ बीघा है पार्षद व पटवारी द्वारा हमारी पुरानी पावती रख ली गई व 1 वर्ष बाद नई पावती दी गई जिसमें 1 बीघा 8 विस्वा काट दी गई। आवेदिका ने उसकी संपूर्ण भूमि 3 बीघा 8 विस्वा तथा डेढ़ बीघा घर की भूमि की पावती बनाकर दिलवाने का निवेदन किया। कार्यवाही हेतु तहसीलदार शहर को निर्देशित किया गया।

निशुल्क रक्तदान शिविर आज

रतलाम। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस क्रम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होटल सजन प्रभा अजंता टॉकीज के पास रतलाम में 17 सितंबर को प्रात: 11 बजे से अखिल भारतीय तेरापंथ समाज एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से मेडिकल कॉलेज रतलाम के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा। कलेक्टर राजेश बाथम ने टीएल बैठक के दौरान बताया कि रक्तदान पवित्र कार्य है इसके माध्यम से किसी को नई जिंदगी मिल सकती है। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है।

आज से रेलवे का 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान

नवभारत न्यूज

रतलाम। भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत के लक्ष्य को साकार करने हेतु 17 सितम्बर 2025 से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत की जा रही है, जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में प्रारंभ होगा। इस अभियान के शुभारंभ के अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, सभी शाखा अधिकारी, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी रतलाम रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता की शपथ लेंगे तथा श्रमदान करेंगे। इसी तरह मंडल के सभी स्टेशनों, कार्यशालाओं, कार्यालयों और चिकित्सा इकाइयों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ ग्रहण और श्रमदान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत मंडल के सभी विभागों ने अपने-अपने क्षेत्रों में गंदे स्थलों की पहचान कर ली है, जिनकी सफाई इस अवधि में की जाएगी। साथ ही, प्रतिदिन स्वच्छता गतिविधियों के साथ जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित होंगे, जिनमें खेलकूद, साइक्लिंग, पेंटिंग एवं ड्राइंग प्रतियोगिता, डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान आदि शामिल रहेंगे। इस 16 दिवसीय अभियान का उद्देश्य न केवल रेलवे की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है, बल्कि सामान्य नागरिकों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़ना है। अभियान के दौरान समग्र स्वच्छता के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य किया जाएगा।

डॉ. सीएम मेहता को काव्य कौस्तुभ सम्मान

जावरा। अन्तरराष्ट्रीय जैन साहित्य संगम के द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन 2025 जो मेवाड़ भवन, कामलीघाटदेवगढ़ (राजस्थान) में 13-15 सितंबर तक आयोजित हुआ, जिसमें भारत के कई राज्यों के जैन कवि, साहियकार एवं लेखक सम्मिलित हुए। अधिवेशन का श्रेष्ठ संचालन एवं काव्य पाठ के लिए जावरा के दो डॉ. सी.एम. मेहता को काव्य कौस्तुभ सम्मान से राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीप जैन हर्षदर्शी, महामंत्री मनोज, मनोकामना अधिवेशन संयोजक डॉ प्रकाश दख, सहसंयोजक एम. गौतम बोहरा, कवि राजेन्द्र कांठेड ने सम्मानित किया। बताते चले कि पूर्व में भी डॉ. मेहता को काव्य कीर्ति सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। आपरेशन सिंदूर पर आपने काव्य पाठ किया। इस उपलब्धि पर जावरा नगर के समस्त साहित्यकारों, पत्रकारों लेखकों एवं साहित्य प्रेमियों ने डॉ. मेहता को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. मेहता की 24 पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है।

कार्रवाई : बिलपांक पुलिस ने पकड़ी 50 पेटी अवैध शराब, बोलोरो वाहन जब्त

रतलाम। बिलपांक पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 50 पेटी अवैध शराब पकड़ी हैं। थाना प्रभारी बिलपांक अय्यूब खान के नेतृत्व में पुलिस चौकी धराड़ एवं साइबर सेल टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध शराब जप्त की गई। सोमवार की शाम को पुलिस सहायता केंद्र धराड़ पर ड्यूटी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक एमपी -43 जेजेड -0483 में दो व्यक्ति अवैध शराब व बियर लेकर नलकुई-भाटीबड़ौदिया रोड पर खड़े हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी को अवगत कराकर तत्काल कार्रवाई की गई।

मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम को देखते ही वाहन चालक व उसका साथी वाहन लेकर भागे, किंतु पीछा करने पर वाहन को नलकुई गांव पार कर कच्चे रास्ते पर रोका गया। इस दौरान दोनों आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें कुल 30 पेटी देशी प्लेन शराब, 0 पेटी देशी मसाला शराब, 14 पेटी पावर बियर कुल 50 पेटी (464 बल्क लीटर) अवैध शराब पाई गई। वाहन चालक व उसके साथी के विरुद्ध थाना बिलपांक में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई करते हुए टीम ने जब्त शराब कुल 464 बल्क लीटर अवैध शराब जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2,53,200/- हैं। साथ ही कार्रवाई के दौरान परिवहन के लिए उपयोग में लिया गया बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त किया हैं।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

निरीक्षक अय्यूब खान थाना प्रभारी बिलपांक, उप निरी दीपक डामोर चौकी प्रभारी धराड़, उनि. सुनिल सिंह राघव, प्र आर मनमोहन शर्मा प्रभारी सायबर सेल, प्र आर लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, प्रआर हिम्मत सिंह, आर विपुल भावसार, आर राहुल पाटीदार, आर. 197 धीरज की सराहनीय भूमिका रही।

अभा ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में भव्य चौथे स्थान पर

नवभारत न्यूज

रतलाम। क्रीड़ा भारती द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा के परिणाम जारी हो गए। इसमें रतलाम के भव्य संघवी ने राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया है। क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में आयोजित परीक्षा में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन परीक्षा के विजेताओं को पुरूस्कृत करेगा। इसमें प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए का एक, द्वितीय 50-50 हजार रुपए के दो और तृतीय 25-25 हजार के छ: पुरस्कार रखे गए है। इसके अतिरिक्त चतुर्थ पुरस्कार 11-11 हजार के कुल ग्यारह विजेताओं को मिलेंगे।

चेतन्य काश्यप फाउंडेशन करेगा विजेताओं को पुरूस्कृत

क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, फाउंडेशन अध्यक्ष एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर क्रीड़ा भारती द्वारा विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं जन सामान्य में खेलों के प्रति जागृति लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष क्रीडा ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाती है। यह परीक्षा पूरी तरह से ऑनलाइन आयोजित हुई थी।

भारत में क्रीड़ा संस्कृति निर्माण हो, अधिक से अधिक युवा खेल से जुड़े, इस उद्देश्य से क्रीड़ा भारती 1992 से काम कर रही है और प्रति वर्ष एक ऑनलाइन परीक्षा भी होती है। इस परीक्षा के परिणामों की घोषणा एक ऑनलाइन कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष गोपाल सैनी, कार्याध्यक्ष चेतन्य कुमार काश्यप, महामंत्री राज चौधरी, संगठन मंत्री प्रसाद महानकर और नियामक मंडल सदस्य विजय पुरंदरे की उपस्थिति में की गई। प्रथम 3 पुरस्कार प्राप्त परीक्षार्थी भी कार्यक्रम में परिवार सहित उपस्थित रहे तथा उन्होंने बड़े उत्साह से अपने अनुभव शेयर किए।

इस कार्यक्रम में, परीक्षा के सलाहकार ओपाइन ग्रुप के आनंद कोल्हारकर और अक्षय गवाडिया का विशेष सत्कार किया गया। परीक्षा संयोजक विजय राजपूत ने सूत्र संचालन किया।

यह रहे विजेता

अखिल भारतीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले सहभागी में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए का मध्यप्रदेश के आर्यन गौर, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए के 2 विजेता, उत्तर प्रदेश के देव अलग एवं गुजरात के यशराजसिंह राजपूत ने प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार 25 हजार के 6 विजेता, इसमें मध्यप्रदेश के रतलाम निवासी भव्य संघवी, उत्तराखंड निवासी आयुष राज, उत्तर प्रदेश निवासी वंश गुप्ता, कशिश राणा, महाराष्ट्र के औवी शिंदे, साक्षी कांबले को मिला। इसके अतिरिक्त 11 प्रतिभागियों को क्षेत्रानुसार 11-11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

नितिराजसिंह सर्वानुमति से मुख्य संरक्षक मनोनीत

नवभारत न्यूज

जावरा। दशहरा उत्सव समिति इकबाल गंज की सामान्य सभा का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित हुए।

परामर्शदाता विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय, डॉ हमीरसिंह राठौर, नितिराजसिंह, पूर्व नपाध्यक्ष मो.यूसुफ कडपा, न.पा.उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, सचिव अजयसिंह भाटी, कोषाध्यक्ष घनश्याम रामनानी, उपाध्यक्ष मुनिराजसिंह, संयोजक कैलाश विजयवर्गीय, कार्यकारणी सदस्य महेंद्र गंगवाल, अशोक सेठिया, पवन मोदी, मोहन पटेल, महेश सोनी, नंदकिशोर महावर, रविन्द्र क्षोत्रिय, जीतू टुकडय़िा, प्रमोद रावल के साथ समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष हरिनारायण अरोड़ा की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष मुनिराज सिंह की अध्यक्षता में सभा प्रारंभ हुई। सचिव अजयसिंह भाटी ने समस्त सदस्यों का स्वागत किया। सदन में चर्चा के दौरान पूर्व मुख्य संरक्षक स्व.भारतसिंह के पद रिक्त होने से उनके स्थान पर पुत्र नितिराजसिंह को सर्वानुमति से मुख्य संरक्षक पद पर पदाधिकारी मनोनीत किया। समिति में नए सदस्यों राजेश शर्मा, महेंद्रसिंह सोलंकी, आदित्य अरोड़ा, अमन रामनानी, मुकेश प्रजापत, प्रवीणसिंह चंद्रावत, घनश्याम सोलंकी, वीरेंद्रसिंह चौहान, मुकेश लोढ़ा, महेश शर्मा सदस्य शामिल किया। कोषाध्यक्ष घनश्याम रामनानी ने गतवर्ष का आय व्यय प्रस्तुत किया। 2 अक्टूबर को समिति द्वारा दशहरा मैदान इकबाल गंज पर सायं 7 बजे रावण का दहन किया जाएगा। शाम 4 बजे चल समारोह में भगवान श्रीराम की झांकी एवं राम लक्ष्मण की झांकी बैंडबाजों के साथ तालनाका स्थित श्रीराम मंदिर (मेवाडा तेली समाज) से प्रारंभ होकर बोहरा बाखल, भडरूंजा चौक से एक ओर झांकी श्री राम लक्ष्मण सीताजी की शामिल कर बजाज खाना, कोठीबाजार नीमचौक, लक्ष्मीबाई रोड, रतलामी गेट, इकबाल गंज, हनुमानमंदिर के सामने से होते हुए दशहरा मैदान प्रांगण पहुंचेगी। जहा राम रावण का सांकेतिक युद्ध होगा। फिर परंपरानुसार मुख्य संरक्षक नीतिराज पुत्र भारतसिंह द्वारा सांकेतिक रूप से रावण की नाभि पर तलवार चलाकर परंपरा का निर्वाह किया जाएगा। साथ ही 51 फुट का रावण और 31-31 फुट के कुंभकरण पर मेघनाथ का राम लक्ष्मण द्वारा आतिश बाजी के साथ वध किया जाएगा। सभा के पश्चात पूर्व मुख्य संरक्षक भारतसिंह के कार्यों को याद कर दो मिनट का मोन रख श्रद्धांजलि

नप सम्मेलन | विकास कार्यों पर पक्ष विपक्ष में हुई नोकझोंक, 305 नामांतरण में से करीब 9 नामांतरण रुके

तिलमिला उठे हाड़ा अध्यक्ष की आसंदी तक पहुंचे, समझाईश के बाद माने

नवभारत न्यूज

जावरा। नगर पालिका परिषद का मंगलवार को आयोजित साधारण सम्मेलन काफी हंगामेदार रहा। वार्डों में विकास कार्यों को लेकर नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष और विपक्षी पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। भाजपा पार्षदों के साथ ही कांग्रेस के कुछ पार्षदों ने साफ-सफाई व कचरा संग्रहण ठेका प्रणाली को लेकर नपा परिषद पर निशाना साधा। दोपहर एक बजे नपा सभागृह में आयोजित साधारण सम्मेलन के प्रारंभ होने से पूर्व ही विपक्षी पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड के मामले उठाते हुए नपा के जिम्मेदारों से जानकारी चाही। बैठक की शुरुआत से पहले वार्ड क्रमांक एक की महिला पार्षद सोनु चंद्रप्रकाश सोलंकी ने पीलिया खाल की रिटर्निंग वाल का मामला उठाया। नपा सम्मेलन में उस समय अजीब स्थिति बन गई जब कांग्रेस पार्षद कान्हा हाडा ने अपने वार्ड में

विकास कार्य नहीं कराए जाने का नपा प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके वार्ड की सुध नहीं ली गई तो वे धरने पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे। इस बीच पूरा सदन हसने लगा। यह देख हाडा तिलमिला उठे ओर वे अध्यक्ष की आसंदी तक पहुच गए।

इस बिच सुशिल कोचट्टा, विधायक प्रतिनिधि अजय सिह भाटी, चेयरमेन मो मुस्तकीम मंसूरी, आसिफ कबाड़ी ने बिच बचाव कर समझाईश देकर मामला शांत कराया। इधर नामांतरण के लिए आए 305 नामांतरण में से करीब आठ नामांतरण कागज पूर्ति नहीं होने से रुके हैं जो अगली बैठक में रखे जाएंगे। वहीं एक नामांतरण जिसका एसडीएम कोर्ट में कैसे चल रहा है। अधिकारियों ने एसडीएम को पत्र लिखकर उक्त मामले में मार्गदर्शन मांगा है।

कचरा संग्रहण का एनजीओ काम क्यों नहीं कर रहा ?

विधायक प्रतिनिधि अजय सिह भाटी, पार्षद निजाम काजी ने सफाई व्यवस्था के मुद्दे पर सीएमओ राहुल शर्मा से जानना चाहा कि तीन महीने बीत चुके हैं। कचरा संग्रहण का एनजीओ काम क्यों नहीं कर रहा है, तो सीएमओ ने बताया कि उक्त एनजीओ का अनुबंध नहीं हुआ है। इस मामले में अभी तक शासन से अनुमति नहीं मिली। साफ-सफाई के मामले में हो रही चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा पार्षद शिवेन्द्र माथुर, रजत ,सोनी ने सवाल खडा किया कि क्या एनजीओ का टेंडर नहीं होगा तो शहर में सफाई नहीं होगी ? वार्ड नम्बर 16 की पक्ष की पार्षद अकलीमा ने रतलामी गेट के निकट हाल ही में निर्मित नाले के विषय में नपा अधिकारी लोकेश विजय से पूछा कि अधूरा कार्य कब पूर्ण होगा। सम्मेलन के दौरान पार्षद शिवेन्द्र माथुर ने कहा कि चौपाटी क्षेत्र काफी फैला हुआ है। हर दिन बहुत सारा कचरा निकलता है। लिहाजा नपा द्वारा इस क्षेत्र में कचरा संग्रहण हेतु तीन गाड़ियां उपलब्ध कराई जाए। साथ ही कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए। विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह भाटी ने नालों की सफाई का मुद्दा उठाया और कहा-गत दिनों हुई भारी बारिश से पूरे नगर में जलजमाव की स्थिति बन गई थी। लोगों को भारी मुश्किलें झेलना पड़ी।

ट्यूबवेल खनन के मुद्दे पर गरमाया माहौल: सम्मेलन में विभिन्न बिंदुओं पर बहस के दौरान जब ट्यूबवेल खनन का मामला आया तो पार्षद निजाम काजी ने दरों का खुलासा नहीं होने पर आपत्ति ली। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि खनन की दरें एजेंडे में दर्ज नहीं है। इस पर नपाध्यक्ष अनम क?पा ने जवाब देते हुए कहा कि जहां जरूरी था, वहां खनन कराया गया। पार्षद काजी ने कई वार्डों में गन्दा पानी वितरण होने की शिकायत की।